**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 4239**
दिनांक 20 दिसम्बर, 2024 को उत्तर के लिए

**आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थिति**

4239**. श्री अरुण भारतीः**

क्या **महिला और बाल विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में कार्यरत आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की संख्या कितनी है और बिहार सहित राज्य-वार और संघ राज्यक्षेत्र-वार इन आंगनवाड़ी केंद्रों को सरकार द्वारा आवंटित धनराशि कितनी है;
(ख) क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि अधिकांश आंगनवाड़ी केंद्र जीर्ण-शीर्ण/क्षतिग्रस्त भवनों में चल रहे हैं और यदि हां, तो ऐसे भवनों की संख्या कितनी है और उनकी मरम्मत के लिए राज्यवार और संघ राज्यक्षेत्र वार कब तक धनराशि जारी किए जाने की संभावना है;
(ग) देश में राज्यवार और संघ राज्यक्षेत्रवार किराए के भवनों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या कितनी है; और
(घ) विशेष रूप से जमुई संसदीय क्षेत्र सहित राज्यवार और संघ राज्यक्षेत्रवार कितने नए आंगनवाड़ी केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क) से (घ):** देश में कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की संख्या **अनुलग्नक I** में दी गई है। पिछले तीन वर्षों के दौरान मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत सरकार द्वारा बिहार सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित निधियां, राज्यवार और

संघ राज्य क्षेत्र वार **अनुलग्नक II** में दी गई है। बिहार राज्य के जमुई जिले में कुल 1950 आंगनवाड़ी केंद्र कार्यरत हैं।

मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) के अंतर्गत सरकारी स्वामित्व वाली आंगनवाड़ी भवनों  के रखरखाव के लिए 3,000 रुपये प्रति वर्ष का प्रावधान है।

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत, 15वें वित्त आयोग के अवधि के दौरान  बेहतर पोषण प्रदायगी तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख  एवं शिक्षा के लिए प्रति वर्ष 40,000 आंगनवाड़ी केंद्रों की दर से सरकारी भवनों में स्थित दो लाख आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) को सुदृढ़ किया जाना है तथा उन्हें सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप में उन्नत किया जाना है।सक्षम आंगनवाड़ी को इंटरनेट/वाई-फाई कनेक्टिविटी, एलईडी स्क्रीन, जल निस्पंदन प्रणाली/आरओ मशीन की स्थापना, पोषण वाटिका, ईसीसीई सामग्री प्रदान करके पारंपरिक आंगनवाड़ी केंद्रों की तुलना में बेहतर बुनियादी ढांचे से युक्त किया जाना है। दिनांक 25.11.2024 तक, कुल 170337 एडब्ल्यूसी को उन्नयन के लिए मंजूरी दी गई है, जिसके लिए देश भर के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों  को 1004.48 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों  को प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र पर 17,000 रुपये की दर से पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने तथा प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र पर 36,000 रुपये की दर से शौचालय निर्माण के लिए भी निधियां उपलब्ध कराई जाती है। 15वें वित्त आयोग के दौरान  146199 आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 14660.42 लाख रुपये की राशि जारी की गई है तथा देश भर में 142522 आंगनवाड़ी केन्द्रों में शौचालय की सुविधाओं के निर्माण के लिए 28474.01 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।

मनरेगा के साथ अभिसरण में, पांच वर्ष की अवधि में प्रति वर्ष 10,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों की दर से 50,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया जाना है

जिसके लिए प्रति आंगनवाड़ी केन्द्र 12 लाख रुपये की दर से निधियां उपलब्ध कराई जा रही है, इनमें से 8.00 लाख रुपये मनरेगा के तहत, 2.00 लाख रुपये 15वें वित्त आयोग (एफसी) (या किसी अन्य असंबद्ध निधि) के तहत तथा 2.00 लाख रुपये मंत्रालय द्वारा केन्द्र एवं राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच निर्धारित लागत साझाकरण अनुपात में साझा किए जाएंगे।

राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किराए पर चल रहे आंगनवाड़ी केंद्रों को पास के प्राथमिक विद्यालयों जहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों में स्थापित करें।

देश में किराए के भवनों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या, राज्यवार और संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण **अनुलग्नक III** में दिया गया है।

प्रधानमंत्री जनमन के तहत 75 विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के लक्षित विकास के लिए 2025-26 तक तीन वित्तीय वर्षों (एफवाई) में बनाए जाने वाले कुल 2500 आंगनवाड़ी केंद्रों में से इस मंत्रालय द्वारा कुल 2139 आंगनवाड़ी केंद्रों को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 786 वास्तव में कार्यशील हो चुके हैं। राज्यवार विवरण **अनुलग्नक IV** में दिए गए हैं।

*****

**अनुलग्नक I**

**"आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति" के संबंध श्री अरुण भारती द्वारा दिनांक 20.12.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4239 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**देश में बिहार सहित कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) राज्यवार और संघ राज्य क्षेत्र वार संख्या:**

| **क्रम सं** | राज्य और संघ राज्य क्षेत्र | **राज्य के अनुसार कार्यशील आंगनवाड़ी केन्द्र** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 55607 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 6225 |
| 3 | असम | 62093 |
| 4 | बिहार | 114968 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 52382 |
| 6 | गोवा | 1261 |
| 7 | गुजरात | 53065 |
| 8 | हरियाणा | 25962 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 18925 |
| 10 | झारखंड | 38515 |
| 11 | कर्नाटक | 65931 |
| 12 | केरल | 33120 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 97329 |
| 14 | महाराष्ट्र | 110516 |
| 15 | मणिपुर | 11523 |
| 16 | मेघालय | 6162 |
| 17 | मिजोरम | 2244 |
| 18 | नागालैंड | 3980 |

| | | |
|---|---|---|
| 19 | ओडिशा | 74192 |
| 20 | पंजाब | 27314 |
| 21 | राजस्थान | 61885 |
| 22 | सिक्किम | 1308 |
| 23 | तमिलनाडु | 54449 |
| 24 | तेलंगाना | 35700 |
| 25 | त्रिपुरा | 10222 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 189021 |
| 27 | उत्तराखंड | 20060 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 119481 |
| 29 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 720 |
| 30 | चंडीगढ़ | 450 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 405 |
| 32 | दिल्ली | 10897 |
| 33 | जम्मू एवं कश्मीर | 28426 |
| 34 | लद्दाख | 1173 |
| 35 | लक्षद्वीप | 59 |
| 36 | पुदुचेरी | 855 |
| **कुल** | | **1396425** |

**अनुलग्नक II**

**"आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति" के संबंध श्री अरुण भारती द्वारा दिनांक 20.12.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4239 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

पिछले तीन वर्षों के दौरान मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत जारी और उपयोग किए गए केंद्रीय हिस्से का बिहार सहित राज्यवार और संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा:

| **मिशन पोषण 2.0** (करोड़ रूपए में) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्रम सं** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24*** |
| | | **जारी की गई निधि** | **उपयोग की गई निधि** | **जारी की गई निधि** | **उपयोग की गई निधि** | **जारी की गई निधि** |
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 19.71 | 13.36 | 3.85 | 5.17 | 12.15 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 744.60 | 749.91 | 827.79 | 721.45 | 705.68 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 170.83 | 230.77 | 137.78 | 145.74 | 162.06 |
| 4 | असम | 1319.90 | 1432.19 | 1651.63 | 1717.00 | 2233.31 |
| 5 | बिहार | 1574.43 | 1608.02 | 1740.09 | 1586.61 | 1859.29 |
| 6 | चंडीगढ़ | 15.32 | 23.09 | 33.10 | 33.10 | 19.79 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 606.73 | 522.72 | 668.96 | 571.80 | 579.46 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव | 9.33 | 9.56 | 5.80 | 5.80 | 11.97 |
| 9 | दिल्ली | 133.11 | 125.52 | 182.77 | 142.84 | 161.81 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | गोवा | 10.84 | 12.92 | 14.71 | 16.83 | 13.95 |
| 11 | गुजरात | 839.86 | 757.92 | 912.64 | 552.30 | 1126.80 |
| 12 | हरियाणा | 173.03 | 146.99 | 195.25 | 150.24 | 225.78 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 247.99 | 386.68 | 270.24 | 247.76 | 301.09 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 405.74 | 704.57 | 479.01 | 416.23 | 530.88 |
| 15 | झारखंड | 352.98 | 183.30 | 430.91 | 596.03 | 664.30 |
| 16 | कर्नाटक | 1003.70 | 984.62 | 765.87 | 885.65 | 912.96 |
| 17 | केरल | 388.23 | 397.98 | 444.98 | 325.43 | 306.64 |
| 18 | लद्दाख | 14.70 | 14.67 | 18.79 | 18.79 | 19.62 |
| 19 | लक्षद्वीप | 2.11 | 2.73 | 0.44 | 0.44 | 2.88 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1085.47 | 1055.83 | 1011.57 | 1038.67 | 1123.11 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1713.39 | 1609.02 | 1646.17 | 1589.97 | 1699.52 |
| 22 | मणिपुर | 228.92 | 177.28 | 135.95 | 167.74 | 201.28 |
| 23 | मेघालय | 173.33 | 177.86 | 192.39 | 200.24 | 269.69 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | मिजोरम | 59.32 | 61.57 | 42.81 | 46.65 | 100.27 |
| 25 | नागालैंड | 159.80 | 160.21 | 199.30 | 190.47 | 262.91 |
| 26 | ओडिशा | 1065.98 | 871.20 | 923.92 | 884.92 | 968.80 |
| 27 | पुदुचेरी | 2.78 | 6.13 | 0.12 | 6.68 | 4.48 |
| 28 | पंजाब | 383.52 | 177.94 | 75.31 | 247.25 | 307.87 |
| 29 | राजस्थान | 682.65 | 771.64 | 974.02 | 936.17 | 1091.96 |
| 30 | सिक्किम | 25.73 | 24.59 | 20.33 | 24.09 | 33.49 |
| 31 | तमिलनाडु | 655.38 | 681.28 | 766.81 | 741.30 | 880.79 |
| 32 | तेलंगाना | 482.33 | 479.30 | 550.69 | 503.33 | 507.87 |
| 33 | त्रिपुरा | 186.72 | 171.66 | 150.52 | 186.55 | 244.22 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2407.55 | 2341.91 | 2721.87 | 2622.64 | 2668.69 |
| 35 | उत्तराखंड | 353.65 | 336.03 | 425.84 | 364.77 | 288.24 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 668.35 | 1378.31 | 1227.59 | 1455.89 | 1237.56 |
| **कुल** | | **18368.01** | **18789.28** | **19849.82** | **19346.54** | **21741.17** |

*-वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र को जारी निधि का उपयोग प्रमाणपत्र अभी तक देय नहीं है।

**अनुलग्नक III**

**"आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति" के संबंध श्री अरुण भारती द्वारा दिनांक 20.12.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4239 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

पोषण ट्रैकर डेटा (नवंबर, 2024 तक) के अनुसार देश में किराए के भवनों में कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या, राज्यवार और संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण :

| क्रम सं | राज्य | किराए पर<br>(पोषण ट्रैकर डेटा के अनुसार) |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 23176 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 807 |
| 3. | असम | 5902 |
| 4. | बिहार | 68178 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 7978 |
| 6. | गोवा | 711 |
| 7. | गुजरात | 10077 |
| 8. | हरियाणा | 5877 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 10057 |
| 10. | झारखंड | 11261 |
| 11. | कर्नाटक | 13309 |
| 12. | केरल | 7229 |
| 13. | मध्य प्रदेश | 26641 |
| 14. | महाराष्ट्र | 22688 |
| 15. | मणिपुर | 8956 |
| 16. | मेघालय | 610 |
| 17. | मिजोरम | 9 |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | नागालैंड | 905 |
| 19. | ओडिशा | 5498 |
| 20. | पंजाब | 3344 |
| 21. | राजस्थान | 10132 |
| 22. | सिक्किम | 219 |
| 23. | तमिलनाडु | 7605 |
| 24. | तेलंगाना | 12380 |
| 25. | त्रिपुरा | 694 |
| 26. | उत्तर प्रदेश | 21208 |
| 27. | उत्तराखंड | 7030 |
| 28. | पश्चिम बंगाल | 28026 |
| 29. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 181 |
| 30. | दादरा और नगर हवेली - दमन व दीव | 89 |
| 31. | दिल्ली | 10765 |
| 32. | जम्मू एवं कश्मीर | 25211 |
| 33. | लद्दाख | 653 |
| 34. | लक्षद्वीप | 0 |
| 35. | पुदुचेरी | 421 |
| 36. | संघ राज्य क्षेत्र -चंडीगढ़ | 337 |
| | **कुल** | **358164** |

**अनुलग्नक IV**

**"आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति" के संबंध श्री अरुण भारती द्वारा दिनांक 20.12.2024 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4239 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

| क्रम सं | राज्य | पीएम-जनमन के तहत स्वीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों की कुल संख्या | पीएम-जनमन के अंतर्गत कुल कार्यशील आंगनवाड़ी केन्द्र (नए स्वीकृत एवं पहले से मौजूद दोनों सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | गुजरात | 67 | 67 |
| 2 | बिहार | 49 | 49 |
| 3 | राजस्थान | 51 | 12 |
| 4 | तमिलनाडु | 34 | 26 |
| 5 | कर्नाटक | 22 | 20 |
| 6 | मणिपुर | 42 | 13 |
| 7 | त्रिपुरा | 141 | 88 |
| 8 | मध्य प्रदेश | 572 | 217 |
| 9 | ओडिशा | 90 | 58 |
| 10 | महाराष्ट्र | 145 | 70 |
| 11 | छत्तीसगढ़ | 174 | 30 |
| 12 | झारखंड | 386 | 111 |
| 13 | तेलंगाना | 85 | 4 |
| 14 | आंध्र प्रदेश | 266 | 7 |
| 15 | केरल | 7 | 7 |
| 16 | उत्तर प्रदेश | 1 | 1 |
| 17 | उत्तराखंड | 7 | 6 |
| | **कुल** | **2139** | **786** |

******